# मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड 2025-26

# All in One

## Previous Year M.P. Board Examination

# Question Papers

## कक्षा-10

### (हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, संस्कृत, सूचना प्रौद्योगिकी)


**प्रधान संपादक**
Anand K. Mahajan
**संकलन एवं संपादन**
परीक्षा विशेषज्ञ समिति
**कम्प्यूटर ग्राफिक्स**
बालकृष्ण, चरन सिंह
**संपादकीय कार्यालय**
**12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002**
**9415650134**
**E-mail : yctap12@gmail.com**
**website : www.yctbooks.com/www.yctfastbook.com/www.yctbooksprime.com**



**© All rights reserved with Publisher**



**प्रकाशन घोषणा**
सम्पादक एवं प्रकाशक आनन्द कुमार महाजन ने रूप प्रिंटिंग प्रेस, प्रयागराज से मुद्रित करवाकर, वाई.सी.टी. पब्लिकेशन प्रा. लि., 12, चर्च लेन, प्रयागराज-211002 के लिए प्रकाशित किया।
इस पुस्तक को प्रकाशित करने में सम्पादक एवं प्रकाशक द्वारा पूर्ण सावधानी बरती गई है फिर भी किसी त्रुटि के लिए आपका सुझाव और सहयोग सादर अपेक्षित है।
**किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र प्रयागराज होगा।**

**मूल्य : 295/-**

# मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित परीक्षा प्रश्न-पत्र

## हिन्दी


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 हिन्दी 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट)... 3–5
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 हिन्दी 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 6–8
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 हिन्दी 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 9–11
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 हिन्दी 2022 प्रश्न पत्र (1 सेट) 12–14
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 हिन्दी 2021 प्रश्न पत्र (1 सेट) 15–17


## अंग्रेजी


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 अंग्रेजी 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट) 18–20
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 अंग्रेजी 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 21–23
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 अंग्रेजी 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 24–26
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 अंग्रेजी 2022 प्रश्न पत्र (2 सेट) 27–32
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 अंग्रेजी 2021 प्रश्न पत्र (1 सेट) 33–35


## गणित


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 गणित 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट) 36–39
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 गणित 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 40–43
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 गणित 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 44–47
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 गणित 2022 प्रश्न पत्र (1 सेट) 48–51
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 गणित 2021 प्रश्न पत्र (1 सेट) 52–55


## विज्ञान


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 विज्ञान 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट) 56–59
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 विज्ञान 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 60–63
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 विज्ञान 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 64–67
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 विज्ञान 2022 प्रश्न पत्र (1 सेट) 68–71
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 विज्ञान 2021 प्रश्न पत्र (1 सेट) 72–75


## सामाजिक विज्ञान


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट) 76–78
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 79–81
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 82–84
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान 2022 प्रश्न पत्र (1 सेट) 85–87
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सामाजिक विज्ञान 2021 प्रश्न पत्र (1 सेट) 88–90


## संस्कृत


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 संस्कृत 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट) 91–93
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 संस्कृत 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 94–96
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 संस्कृत 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 97–99
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 संस्कृत 2022 प्रश्न पत्र (1 सेट) 100–101
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 संस्कृत 2021 प्रश्न पत्र (1 सेट) 102–104


## सूचना प्रौद्योगिकी


- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सूचना प्रौद्योगिकी 2025 प्रश्न पत्र (1 सेट) 105–106
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सूचना प्रौद्योगिकी 2024 प्रश्न पत्र (1 सेट) 107–108
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सूचना प्रौद्योगिकी 2023 प्रश्न पत्र (1 सेट) 109–110
- मध्य प्रदेश बोर्ड कक्षा-10 सूचना प्रौद्योगिकी 2022 प्रश्न पत्र (1 सेट) 111–112

# हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष – 2025
## हिन्दी
**Set Code – A (102503)**

**(समय : 3 घंटे )** **(पूर्णांक : 75)**

**निर्देशः**

**(i)** सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

**(ii)** प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न के लिए **एक-एक अंक**, कुल **30** अंक निर्धारित हैं।

**(iii)** प्रश्न क्रमांक **06** से **17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो-दो अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

**(iv)** प्रश्न क्रमांक **18** से **20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन-तीन अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** शब्द)

**(v)** प्रश्न क्रमांक **21** से **23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द)

**(vi)** प्रश्न क्रमांक **6** से **23** तक सभी प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।

**(vii)** प्रत्येक प्रश्न के सम्मुख उसके आवंटित अंक अंकित हैं।

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिएः** **1×6=6**

**(i) 'वात्सल्य' के श्रेष्ठ कवि माने जाते हैः**

(अ) तुलसीदास

(ब) सूरदास

(स) कबीरदास

(द) जयशंकर प्रसाद

**(ii) हवा की थिरकन का सिमटा हुआ संकोच माना हैः**

(अ) मिट्टी को (ब) फसल को

(स) आकाश को (द) बरसात को

**(iii) वीर रस का स्थायी भाव है-**

(अ) क्रोध (ब) उत्साह

(स) भय (द) रति

**(iv) हालदार साहब को कंपनी के काम से कस्बे से गुजरना पड़ता था-**

(अ) हर रोज (ब) हर दूसरे दिन

(स) हर पन्द्रवें दिन (द) हर तेरहवें दिन

**(v) वाच्य के प्रकार होते हैं-**

(अ) 4 (ब) 3

(स) 5 (द) 2

**(vi) मधु कांकरिया की सहेली का नाम है-**

(अ) मणि (ब) जितेन

(स) प्रियंवदा (द) वसुंधरा

**2. रिक्त स्थानों में सही विकल्प का चयन कर लिखिएः1×6=6**

**(i) परशुराम ने______का वध किया था ( सहसबाहु /रावण )**

**(ii) कामायनी एक______ है। ( मुक्तक काव्य/महाकव्य )**

**(iii) रस के ______ भेद हैं। (10, 15)**

**(iv) बालगोबिन भगत की अवस्था ______ थी ( साठ के ऊपर/पैंसठ के ऊपर )**

**(v) ''जिजीविषा'' शब्द का अर्थ ______ है। ( जीने की इच्छा/जाने की इच्छा )**

**(vi) ''मैं क्यों लिखता हूँ'' पाठ के लेखक ______ हैं। ( अज्ञेय/यशपाल )**

**3. सत्य/असतस चयन कर लिखिए-** **1×6=6**

**(i) कमल तालाब को छोड़कर आकाश में खिल रहे हैं।**

**(ii) चौपाई छन्द अर्द्ध सम मात्रिक छंद है।**

**(iii) शीला अग्रवाल मन्नू भण्डारी की माँ थी।**

**(iv) बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई वादन के लिए 'भारत रत्न' मिला।**

(v) जिस भाव से किसी काम को करने या होने का बोध होता है, उसे क्रिया कहते हैं।

(vi) सभ्यता संस्कृति का परिणाम है।

4. सही जोड़ी मिलाकर लिखिए: 1×6=6

| (क) | | (ख) | |
|---|---|---|---|
| (i) | संगतकार | (i) | लखनऊ |
| (ii) | छंद के प्रकार | (ii) | शहनाई वादक |
| (iii) | बिस्मिल्ला खाँ | (iii) | 2 |
| (iv) | गले का हार होना | (iv) | 3 |
| (v) | संधि के प्रकार | (v) | मंगलेश डबराल |
| (vi) | बालम खीरा | (vi) | बहुत प्यारा |

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिए- 1×6=6

(i) किसकी आभा अट नहीं रही है?

(ii) प्रबंध काव्य के कितने भेद होते हैं?

(iii) नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा कहाँ लगवा दी गई?

(iv) ''काला अक्षर भैंस बराबर'' का क्या अर्थ है?

(v) बाबू जी 'रामनामा बही' में कितने बार राम नाम लिखते थे?

(vi) ''साना-साना हाथ जोड़ि'' पाठ के आधार पर पहाड़ी कुत्ते कब भौंकते हैं?

6. प्रगतिवाद की कोई दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

रीतिकाल को श्रृंगारकाल क्यों कहा जाता है?

7. कवि सूरदास अथवा जयशंकर प्रसाद की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए: 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष

8. गोपियों ने उद्धव से योग की शिक्षा कैसे लोगों को देने की बात कही है? 2

अथवा

फसल उपजाने के लिए आवश्यक तत्व कौन-कौन से हैं?

9. ''राम-लक्ष्मण-परशुराम संवाद'' पाठ के आधार पर राम के स्वभाव की दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

संगतकार किन-किन रूपों में मुख्य गायक-गायिकाओं की मदद करते हैं?

10. खण्डकाव्य किसे कहते हैं? 2

अथवा

अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

11. 'हास्य' रस की परिभाषा लिखते हुए उदाहरण भी लिखिए। 2

अथवा

दोहा छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए। 2

12. आत्मकथा और जीवनी में कोई दो अंतर लिखिए।

अथवा

कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए।

13. लेखिका मन्नू भंडारी के पिता रसोई को 'भटियार खाना' क्यों कहते थे? 2

अथवा

मूर्ति पर लगा सरकंडे का चश्मा क्या उम्मीद जगाता है?

14. भगत ने अपने बेटे की मृत्यु पर अपनी भावनाएँ किस तरह व्यक्त की? 2

अथवा

काशी में हो रहे कौन-से परिवर्तन बिस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे?

15. स्वयं प्रकाश अथवा मन्नू भंडारी का लेखक परिचय निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए: 2

(i) दो रचनायें (ii) भाषा शैली 2

16. निम्नलिखित वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए:

(i) जिसके आने की तिथि पता न हो।

(ii) जो सब कुछ जानता हो।

अथवा

समास बिग्रह करके समास का नाम लिखिए।

(i) देशभक्ति

(ii) गंगा - यमुना

17. कभी श्वेत तो कभी रंगीन पताकाओं का फहराना किन अलग-अलग अवसरों की ओर संकेत करता है? 2

अथवा

भोलानाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की सामग्री से किस प्रकार भिन्न है?

18. निम्नलिखित पद्यांश की संदर्भ प्रसंग सहित व्याख्या कीजिएः 3

नाथ संभुधनु भंज निहारा। होइहि केउ एक दास तुमारा।।
आयेसु काह कहिअ किन मोही। सुनि रिसाइ बोले मुनि कोही।।
सेवकु सो जो करै सेवकाई। अरिकरनी करि करिअ लराई।
सुनहु राम जेहि सिवधनु तोरा। सहसबाहु सम सो रिपु मोरा।।

अथवा

उगँलिया माँ की कराती रही हैं मधुपर्क
देखते तुम इधर कनखी मार
और होती जब कि आँखे चार
तब तुम्हारी दंतुरित मुसकान
मुझे लगती बड़ी ही छविमान।

19. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिएः 3

बार-बार सोचते, क्या होगा उस कौम का जो अपने देश की खातिर घर-गृहस्थी-जवानी जिंदगी सब कुछ होम देने वालों पर भी हँसती है और अपने लिए बिकने के मौके ढूँढ़ती है

अथवा

वैदिक इतिहास में शहनाई का कोई उल्लेख नहीं मिलता इसे संगीत शास्त्रांतर्गत 'सुषिर वाद्यों' में गिना जाता है। अरब देश में फूँककर बजाए जाने वाले वाद्य जिसमें नाड़ी (नरकट या रीड) होती है, को 'नय' बोलते हैं। शहनाई को 'शाहनेय' अर्थात सुषिर वाद्यों में 'शाह' की उपाधि दी गई है।

20. 'स्वच्छ भारत - स्वस्थ भारत' विषय पर अनुच्छेद लिखिए 3

अथवा

'कम्प्यूटर का उपयोग' के संबंध में शिक्षक व छात्र के बीच संवाद लिखिए।

21. निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 4

मन की एकाग्रता की समस्या सनातन है। आज के प्रौद्योगिकी युग में जहाँ भौतिक उन्नति की संभावनाएँ अपार हैं, ऐसे में छात्र जब अध्ययन करने बैठता है, तब उसके मन को अनेक तरह के विचार घेरने लगते हैं। वह सोचता है, इस अर्थ प्रधान युग में मुझे उत्कृष्ट पद प्राप्ति के लिए एकाग्र मन से पढ़कर परीक्षा में उच्चतम श्रेणी प्राप्त करना आवश्यक है। लेकिन वह जब पढ़ने बैठता है तो क्रिकेट, सिनेमा या मित्र मण्डली की मौजमस्ती के विचार में उसका मन भटकने लगता है। मन का यह विचलन बुद्धि की एकाग्रता भंग कर देता है।

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(ii) उत्कृष्ट पद की प्राप्ति के लिए किस प्रकार से पढ़ना आवश्यक है?
(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

अथवा

रत्नमयी वसुधा पर
चलने को चरण दिये
बैठी उस क्षितिज पार
लक्ष्मी, श्रृंगार किये
नदियों ने चलकर ही
सागर का रूप लिया
मेघों ने चलकर ही
धरती का गर्भ दिया

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(ii) क्षितिज पार श्रृंगार किये कौन बैठी है।
(iii) उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

22. अपने नगर के नगरपालिका अधिकारी को अपने वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करवाने हेतु एक शिकायती पत्र लिखिए।

अथवा

अपने प्रिय मित्र को वार्षिक परीक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने पर बधाई पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिएः
(लगभग 120 शब्दों में)

(i) पर्यावरण प्रदुषण
(ii) कम्प्यूटर का महत्व
(iii) वर्तमान समय में विज्ञान का महत्व
(iv) जीवन में खेलों का महत्व
(v) नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति

# हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष – 2024

# हिन्दी

## Set Code – A (T-0651)

**(समय : 3 घंटे )** **(पूर्णांक : 75)**

**निर्देशः**

**(i)** सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**(ii)** प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न है। प्रत्येक उपप्रश्न के लिए **एक-एक अंक**, कुल **30** अंक निर्धारित हैं।

**(iii)** प्रश्न क्रमांक **06** से **17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो-दो अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

**(iv)** प्रश्न क्रमांक **18** से **20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन-तीन अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** शब्द)

**(v)** प्रश्न क्रमांक **21** से **23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द)

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिएः** **1×6=6**

**(i) 'सूरसारावली' के कवि का नाम है-**

(अ) सूरदास (ब) कबीरदास

(स) मैथिलीशरण गुप्त (द) नागार्जुन

**(ii) कवि निराला का जन्म हुआ था-**

(अ) सन् 1904 (ब) सन् 1900

(स) सन् 1899 (द) सन् 1888

**(iii) 'कुहासा' का अर्थ है- s**

(अ) कंबल (ब) कोहरा

(स) सन्नाटा (द) सहारा

**(iv) प्रगतिवादी कवि है-**

(अ) मुक्तिबोध

(ब) सुमित्रानंदन 'पंत'

(स) नरेश मेहता

(द) जगमोहन सिंह

**(v) नेताजी की प्रतिमा की ऊँचाई थी-**

(अ) दो फुट (ब) 5 फुट

(स) 3 फुट (द) 10 फुट

**(vi) 'कलम का जादूगर' किसे कहा जाता है?**

(अ) रामवृक्ष बेनीपुरी (ब) अज्ञेय

(स) स्वयं प्रकाश (द) नागार्जुन

**2. रिक्त स्थानों में सही विकल्प का चयन कर लिखिएः** **1×6=6**

**(i) वल्लभाचार्य ______ के गुरू थे। (सूरदास, परशुराम, तुलसीदास)**

**(ii) दोहा छंद की प्रथम एवं तृतीय पंक्ति में ______ मात्राएँ होती हैं। (11-11, 13-13, 14-14)**

**(iii) रस के ______ अंग हैं । (2, 4, 6)**

**(iv) आधुनिक हिन्दी कविता का प्रारंभ संक्त् ______ से माना जाता है। (1900, 1901, 2000)**

**(v) अर्थ की दृष्टि से वाक्य के ______ प्रकार हैं। (5, 7, 8)**

**(vi) छंद के ______ प्रकार हैं। (2, 3, 4)**

**3. सही जोड़ी मिलाकर लिखिएः** **1×6=6**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) मैथिलीशरण गुप्त | (i) एकांकी |
| (ii) रिसाई | (ii) 16 |
| (iii) चौपाई | (iii) माता का आँचल |
| (iv) एक अंक | (iv) मुजफ्फरपुर |
| (v) शिवपूजन सहाय | (v) क्रोध करना |
| (vi) रामवृक्ष बेनीपुरी | (vi) पंचवटी |
| | (vii) 26 |

(viii) नाटक

(ix) मैला आँचल

(x) कामायनी

(xi) 24

(xii) प्रस्तुत करना

4. एक वाक्य में उत्तर लिखिए 1×6=6

(i) रामचरित मानस का मुख्य छंद क्या है?

(ii) विनय पत्रिका की रचना किस भाषा में हुई है?

(iii) कामायनी किसकी रचना है?

(iv) 'अट नहीं रही' कविता किस बात को प्रगट करती है?

(v) कवि नागार्जुन का मूल नाम क्या है?

(vi) निराला रचनावली में कितने खण्ड हैं?

5. सत्य / असत्य चयन कर लिखिए- 1×6=6

(i) श्री कृष्ण ने गोपियों को समझाने उद्धव को भेजा था।

(ii) बिस्मिल्ला खाँ हिन्दू-मुस्लिम एकता के समर्थक थे।

(iii) पर्वतीय सुन्दरता मन को नहीं भाती है।

(iv) संस्मरण में कल्पना तत्व की प्रधानता होती है।

(v) हिन्दी का प्रथम उपन्यास 'परीक्षा-गुरू' को माना गया है।

(vi) कहानी के छः तत्व होते हैं।

6. कवि नागार्जुन की दो रचनाओं के नाम लिखिए। 2

अथवा

नई कविता की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

7. कवि सूरदास अथवा तुलसीदास की काव्यगत विशेषतएँ निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए- 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भावपक्ष

8. फसल क्या है? 2

अथवा

उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है?

9. कविता में बादल किन-किन अर्थों की ओर संकेत करता है? 2

अथवा

स्मृति को पाथेय बनाने से कवि का क्या आशय है?

10. काव्य की परिभाषा लिखिए। 2

अथवा

पुनरूक्ति प्रकाश अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

11. रस किसे कहते है? 2

अथवा

चौपाई छंद की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए।

12. रामवृक्ष बेनीपुरी अथवा यतीन्द्र मिश्र का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर लिखिए 2

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा शैली

13. भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

अथवा

नाटक और एकांकी में कोई दो अंतर लिखिए।

14. लेखिका मन्नू भण्डारी के व्यक्तित्व पर किन-किन व्यक्तियों का प्रभाव पड़ा? 2

अथवा

बिस्मिल्ला खाँ को शहनाई की मंगल ध्वनि का नायक क्यों कहा जाता है?

15. गद्य की कोई 4 विधाओं के नाम लिखिए। 2

अथवा

बाबू गुलाबराय के अनुसार निबंध की परिभाषा लिखिए।

16. संधि और समास में कोई दो अंतर लिखिए। 2

अथवा

शब्द शक्ति कितने प्रकार की होती है? नाम भी लिखें

17. गंतोक को ''मेहनतकश बादशाहों का शहर'' क्यों कहा गया है? 2

अथवा

भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

18. निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिएः 3

अथवा

अट नहीं रही है
आभा फागुन की तन
सट नहीं रही है।

कहीं सांस लेते हो
घर-घर भर देते हो,
उड़ने को नभ में तुम
पर-पर कर देते हो
आँख हटाता हूँ तो हट नहीं रही है।

अथवा

जिसके अरूण कपोलों की मतवाली सुंदर छाया में।
अनुरागिनी उबा लेती थी निज सुहाग मधुमाया में।
उसकी स्मृति पाथेय बनी है थके पथिक की पंथा की।
सीवन को उधेड़कर देखोगे क्यों मेरी कंधा की?
छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्मकथा?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

19. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिएः 3

अथवा

संस्कृति के नाम से जिस कूड़े करकट के ढेर का बोध होता है, वह न संस्कृति है न रक्षणीय वस्तु। क्षण-क्षण परिवर्तन होने वाले संसार में किसी भी चीज को पकड़कर बैठा नहीं जा सकता। मानव ने जब-जब प्रज्ञा और मैत्री भाव से किसी नए तथ्य का दर्शन किया है तो उसने कोई वस्तु नहीं देखी है, जिसकी रक्षा के लिए दलबंदियों की जरूरत हो।

अथवा

आषाढ़ की रिमझिम है। समूचा गाँव खेतों में उतर पड़ा है। कहीं हल चल रहे हैं, कहीं रोपनी हो रही है। धान के पानी भरे खेतों में बच्चे उछल रहे हैं, औरतें कलेवा लेकर मेड़ पर बैठी हैं। आसमान बादल से घिरा, धूप का नाम नहीं ठंडी पुरवाई चल रही है। ऐसे ही समय आपके कानों में एक स्वर तरंग झंकार सी कर उठी यह क्या है? यह कौन है?

20. 'अनुशासन का महत्व' विषय पर अनुच्छेद लिखिए। 3

अथवा

प्रिय खेल 'क्रिकेट' के सम्बंध में दो मित्रों के बीच संवाद लिखिए।

21. निम्नलिखित अपठित गद्यांश अथवा काव्यांश को पढ़कर दिये गये प्रश्नों के उत्तर लिखिएः 4

वैदिक काल से ही हिमालय पहाड़ को बहुत पवित्र माना जाता है। इसमें कोइ संदेह नहीं है कि हिमालय के पहाड़ों का दृश्य अति सुन्दर है। इसकी विशालता देखकर मन आनंद और कृतज्ञ हो जाता है। ऐसा लगता है कि यह विशाल सृष्टि ईश्वर की देन है। सारी सृष्टि के प्रति समभाव जागृत होता है। वस्तुतः यह दृष्टि कोरी कलात्मक या अध्यात्मिक नहीं है।

प्रश्न

(i) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(ii) हिमालय को देखकर कौन सा भाव जागृत होता है?
(iii) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

अथवा

वीरों का कैसा हो वसंत?
आ रही हिमालय से पुकार,
है उदधि गरजता बार-बार
प्राची, पश्चिम, भू-नभ अपार,
सब पूछ रहे हैं दिग् दिगंत,
वीरों का कैसा हो वसंत?

(i) उपर्युक्त काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए।
(ii) बार-बार कौन-गरजता है?
(iii) उपर्युक्त कव्यांश का भावार्थ लिखिए।

22. अपने जिले के जिलाधीश महोदय को परीक्षाकाल में हो रहे ध्वनि विस्तारक यंत्रों पर रोक लगाने हेतु आवेदन पत्र लिखिए। 4

अथवा

अपने प्रिय मित्र को अपने भाई की शादी में सम्मिलित होने के लिए पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर रूपरेखा सहित सारगर्भित निबंध लिखिएः
(लगभग 120 शब्दों में )

(i) मेरा प्रिय खेल
(ii) विज्ञान के बढ़ते चरण
(iii) वृक्षारोपण
(iv) वर्तमान समय में कम्प्यूटर की उपयोगिता
(v) साहित्य और समाज

# हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष – 2023

# हिन्दी

## Set Code – B (J-501)

**(समय : 3 घंटे)** **(पूर्णांक : 75)**

**निर्देशः**

**(i)** सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**(ii)** प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न के लिए **एक-एक अंक**, कुल **30** अंक निर्धारित हैं।

**(iii)** प्रश्न क्रमांक **06** से **17** तक अति लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो-दो अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

**(iv)** प्रश्न क्रमांक **18** से **20** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन-तीन अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** शब्द)

**(v)** प्रश्न क्रमांक **21** से **23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द)

---

**1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए:** **1×6=6**

**(i) बाल गोबिन भगत साहब मानते थे-**

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास

(स) नागार्जुन (द) कबीर

**(ii) वह धीरे-धीरे चलने लगा। इस वाक्य में क्रिया-विशेषण का भेद है**

(अ) परिमाणवाचक (ब) रीतिवाचक

(स) स्थानवाचक (द) कालवाचक

**(iii) बालक तारकेश्वरनाथ को उसके पिता टीका लगाते थे-**

(अ) चंदन का (ब) रोली का

(स) भभूत का (द) कुमकुम का

**(iv) रीतिकाल के कवि थे-**

(अ) भूषण (ब) जयशंकर प्रसाद

(स) जगमोहन सिंह (द) अज्ञेय

**(v) तुलसीदास की रचना है-**

(अ) सूरसागर (ब) झरना

(स) विनय पत्रिका (द) गीतिका

**(vi) दसवें रस का नाम है-**

(अ) श्रृंगार (ब) वीर

(स) भयानक (द) वात्सल्य

**2. रिक्त स्थान में सही विकल्प का चयन कर लिखिए** **1×6=6**

**(i) संधि के _______ भेद होते हैं। (3 / 2 / 4)**

**(ii) हिमालय की तीसरी सबसे बड़ी चोटी_______है। (एवरेस्ट / कंचन जंधा/ माउंट एवरेस्ट)**

**(iii) सूरदास के_______गुरू थे। (वल्लभाचार्य / परशुराम/ रामदास)**

**(iv) चौपाई छंद की प्रत्येक पंक्ति में _______ मात्राएँ होती हैं। (11 / 16 / 21)**

**(v) प्रबंध काव्य के_______भेद होते हैं। (3 / 5 / 2)**

**(vi) प्रतिमा बनाने वाले का नाम _______ था। (श्याममोहन / मोतीलाल / हालदार साहब)**

**3. सही जोड़ी मिलाकर लिखिए:**

| (क) | (ख) |
|---|---|
| (i) गद्य की प्रमुख विधाएँ | (अ) जयशंकर प्रसाद |
| (ii) लखनवी अंदाज | (ब) मानवीकरण |
| (iii) अंधे की लाठी | (स) निबंध |
| (iv) मैं क्यों लिखता हूँ? | (द) एक मात्र सहारा |
| (v) कामायनी | (इ) यशपाल |
| (vi) मानवी क्रियाओं का आरोप | (ई) अज्ञेय |
| | (उ) रेखाचित्र |
| | (ऊ) प्रेमचंद |

4. एक वाक्य में उत्तर लिखिएः 1×6=6

(i) ''एक अनार सौ बीमार'' का अर्थ लिखिए।

(ii) भोलेनाथ के पिताजी गंगा में आटे की कितनी गोलियाँ प्रवाहित करते थे?

(iii) कवि निराला ने बादलों की तुलना किससे की है?

(iv) रस के कितने अंग होते हैं ?

(v) गद्य की तीन गौण विधाएँ लिखिए।

(vi) समास के कितने भेद होते हैं?

5. सत्य / असत्य चयन कर लिखिएः

(i) जो जीता न जा सके उसे अजेय कहते हैं।

(ii) प्रेयर व्हील को घुमाने से पाप नहीं धुलते हैं।

(iii) हिरोशिमा में परमाणु बम गिरा था ।

(iv) मुख्य गायक के स्वर चट्टान जैसे भारी और गंभीर थे।

(v) दोहा एक सममात्रिक छंद है।

(vi) आदमी ने पहले पहल आग का आविष्कार किया था।

6. 'यशपाल' अथवा मन्नू भंडारी जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं पर लिखिएः

(i) दो रचनाएँ (ii) भाषा-शैली ।

7. सेनानी न होते हुए भी चश्मे वाले को लोग कैप्टन क्यों कहते थे?

अथवा

इस आत्मकथ्य में लेखिका के पिता ने रसोई को भटियारखाना कहकर क्यों संबोधित किया है?

8. शहनाई की दुनिया में डुमराँव को क्यों याद किया जाता है?

अथवा

वास्तविक अर्थों में 'संस्कृत व्यक्ति' किसे कहा जा सकता है?

9. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिएः 2

(i) खून पसीना एक करना

(ii) दाल न गलना ।

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिएः

(i) पंचवटी

(ii) नीलाम्बर

10. भोलेनाथ और उसके साथियों के खेल और खेलने की सामग्री आपके खेल और खेलने की समाग्री से किस प्रकार भिन्न हैं? 2

अथवा

लेखक ने अपने आपको हिरोशिमा के विस्फोट का भोक्ता कब और किस तरह महसूस किया?

11. प्रगतिवादी काव्य की प्रमुख दो विशेषताएँ लिखिए। 2

अथवा

रीतिकाल की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

12. सूरदास अथवा नागार्जुन की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं पर लिखिएः 2

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाव पक्ष ।

13. कवि आत्मकथा लिखने से क्यों बचना चाहता है? 2

अथवा

परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए?

14. कविता का शीर्षक उत्साह क्यों रखा गया है? 2

अथवा

संगतकार के माध्यम से कवि किस प्रकार के व्यक्तियों की ओर संकेत करना चाह रहा है?

15. खण्ड काव्य की दो विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

श्रृंगार रस किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए।

16. चौपाई छंद को परिभाषित करते हुए उदाहरण सहित लिखिए।

अथवा

अन्योक्ति अलंकार किसे कहते हैं? उदाहरण सहित लिखिए

17. कहानी और उपन्यास में कोई दो अंतर लिखिए।

अथवा

रेखाचित्र और संस्मरण में कोई दो अंतर लिखिए।

**18.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिएः

अथवा

मूर्ति संगमरमर की थी। टोपी की नोक से कोट के दूसरे बटन तक कोई दो फुट ऊँ जिसे कहते हैं बस्ट। और सुंदर थी। नेताजी सुंदर लग रहे थे। कुछ कुछ मासूम और कमसि फौजी वर्दी में। मूर्ति को देखते ही 'दिल्ली चलो' और 'तुम मुझे खून दो......' वगैरह याद आने लगते थे। इस दृष्टि से यह सफल और सराहनीय प्रयास था ।

अथवा

यह पितृ गाथा मैं इसलिए नहीं गा रही कि मुझे उनका गौरव-गान करना है, बल्कि मैं तो यह देखना चाहती हूँ कि उनके व्यक्तित्व की कौन सी खूबी और खामियाँ मेरे व्यक्तित्व के ताने बाने में गुँथी हुई हैं या कि अनजाने अनचाहे किए उनके व्यवहार ने मेरे भीतर किन ग्रंथियों को जन्म दे दिया।

**19.** मीठी बोली का महत्व विषय पर अनुच्छेद लिखिए। **3**

अथवा

बढ़ती महंगाई के संबंध में ग्राहक और किराना दुकान के मालिक के मध्य संवाद लिखिए।

**20.** निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **3**

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन कम बचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी ।
जागत सोवत स्वप्न दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जक री
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यौं करूई ककरी ।
सु तौ व्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी ।
यह तौ 'सुर' तिनहिं लै सौंपों, जिनके मन चकरी ।

अथवा

मधुप गुन-गुना कर कह जाता कौन कहानी यह अपनी;
मुरझाकर गिर रहीं पत्तियाँ देखो कितनी आज घनी ।
इस गंभीर अनंत-नीलिमा में असंख्य जीवन इतिहास
यह लो, करते ही रहते हैं अपना व्यंग्य मलिन उपहास।

**21.** नगरपालिका अध्यक्ष को मोहल्ले की नियमित सफाई के संबंध में आवेदन पत्र लिखिए। **4**

अथवा

अपने मित्र को अपने भाई की शादी में सम्मिलित होने के लिए पत्र लिखिए।

**22.** निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध रूपरेखा सहित लिखिएः **4**

(i) पर्यावरण प्रदुषण
(ii) वर्तमान समय में कम्प्यूटर की उपयोगिता ।
(iii) विज्ञान की प्रगति का मानव जीवन में महत्व ।
(iv) जीवन में खेलों का महत्व ।

**23.** निम्नलिखित अपठित गद्यांश/काव्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिएः **2+1+1=4**

कभी-कभी लक्ष्य बहुत दूर दिखाई देता है। संदेह होने लगता है कि इस लक्ष्य को प्राप्त कर लेंगे या नहीं। कई बार लक्ष्य प्राप्ति के लिए अनेक प्रयास करने पर भी असफलता मिलती है। इससे मन में निराशा का भाव जागृति हो जाता है। निराशा से प्रसन्नता और शांति नष्ट हो जाती है। आशा उत्साहित करती है। निराशा का भाव अकेले नहीं आता ।

उसके साथ हीनता की भावना का जन्म होता है। असुरक्षा का भाव आता है, तनावों का बवंडर आ जाता है। मन उत्साहहीन हो जाता है। मन में निराशा नहीं आशा को बसाना चाहिए ।

जो लोग जीवन में आशावादी रहते हैं वही विपरीत परिस्थितियों में भी लक्ष्य प्राप्ति में सक्षम हो सकते हैं।

(i) गद्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ii) निराशा का भाव क्यों जागृत होता है?
(iii) मन में आशा का भाव क्यों बनाए रखना चाहिए?

अथवा

श्रम होता सबसे अमुल्य धन, सब जन खूब कमाते ।
सब अशंक रहते अभाव से, सब इच्छित सुख पाते ।।
राजा प्रजा नही कुछ होता, होते मात्र मनुज ही ।
भाग्य-लेख होता न मनुज का, होता कर्मट भुज ही ।।

(i) इस पद्यांश का शीर्षक लिखिए।
(ii) श्रम को कवि ने कैसा धन कहा है?
(iii) 'राजा प्रजा नहीं कुछ होता' से कवि का क्या आशय है?

# हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष – 2022

# हिन्दी

**Set Code – S-101**

**(समय : 3 घंटे )** **(पूर्णांक : 80)**

**निर्देशः**

**(i)** सभी प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

**(ii)** प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक उपप्रश्न के लिए **एक-एक अंक**, कुल **32** अंक निर्धारित हैं।

**(iii)** प्रश्न क्रमांक **06** से **15** अतिलघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो-दो अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्द)

**(iv)** प्रश्न क्रमांक **16** से **19** तक लघु उत्तरीय प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन-तीन अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** शब्द)

**(v)** प्रश्न क्रमांक **20** से **23** तक विश्लेषणात्मक प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए चार-चार अंक निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** शब्द

**1. सही विकल्प चुनकर लिखिए-**

**(अ) सूरसागर के रचनाकार हैं**

(अ) तुलसीदास (ब) कबीरदास

(स) सूरदास (द) रहीमदास

**(ब) 'प्रबंचना' का शाब्दिक अर्थ है-**

(अ) प्रेम (ब) घृणा

(स) वात्सल्य (द) धोखा

**(स) करूण रस का स्थायी भाव है-**

(अ) श्रृंगार (ब) रौद्र

(स) शोक (द) भय

**(द) शहर के मुख्य चौराहे पर नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की प्रतिमा लगवा दी गई-**

(अ) व्यापारी द्वारा

(ब) प्रशासनिक अधिकारी द्वारा

(स) किसान द्वारा

(द) वकील द्वारा

**(इ) 'दशानन' में समास है-**

(अ) द्वन्द्व (ब) कर्मधारय

(स) तत्पुरूष (द) बहुव्रीहि

**(ई) 'भोलानाथ' का असल नाम था-**

(अ) तारकेश्वरनाथ (ब) त्रयंबकेश्वरनाथ

(स) नागेश्वरनाथ (द) धनेश्वरनाथ

**2. सही जोड़ी लिखिएः**

| स्तम्भ क | स्तम्भ ख |
|---|---|
| (अ) संस्कृति | (1) वाचाल |
| (ब) कन्यादान | (2) चौपाई छंद |
| (स) मैं क्यों लिखता हूँ | (3) लोकोक्ति |
| (द) अधिक बोलने वाला | (4) अज्ञेय |
| (इ) प्रत्येक चरण में 16-16 मात्राएँ | (5) ऋतुराज |
| (ई) नाच न जाने आँगन टेढ़ा | (6) भवंत आनंद कौसल्यायन |

**3. सत्य/असत्य लिखिएः**

**(अ) सूरदास वल्लभाचार्य जी के शिष्य थे।**

**(ब) 'मूरत मधुर मनोहर देखी' पंक्ति में यमक अलंकार है।**

**(स) भगवान शाक्यमुनि अपना धर्मोपदेश प्राकृत भाषा में देते थे।**

**(द) न्याय के अनुसार आचरण करना न्यायशीलता है।**

**(इ) मृदंग एक तरह का वाद्य यंत्र है।**

**(ई) एलिजाबेथ द्वितीय 'जापान' की रानी थी।**

**4 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः**

**(अ) दुख है न चाँद खिला _____ रात आने पर। ( शरद/बसंत )**

(ब) लेखक स्वयंप्रकाश जी का जन्म _____ में हुआ । ( भोपाल/इंदौर )

(स) फादर कामिल बुल्के की जन्मभूमि _____ थी। ( भारत / बेल्जियम )

(द) लेखिका मन्नू भंडारी का जन्म गाँव में हुआ था। ( रामपुरा / भानपुरा )

(इ) 'सोलह छतों वाला घर' रचना की है। ( कमलेश्वर / शिवपूजन सहाय )

(ई) समास _____ प्रकार के होते हैं । ( तीन / छह )

(उ) सोरठा छंद में चरण होते हैं। ( तीन / चार )

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिएः

(अ) भगवान शंकर का धनुष किसने तोड़ा था?

(ब) कवि के अनुसार किस ऋतु की आभा 'अट' नहीं रही है?

(स) उपमा अलंकार के कितने अंग होते हैं।

(द) खूब लड़ी मर्दानी वह तो झाँसी वाली रानी थी में कौन सा रस है।

(इ) जो शब्द सबसे कम समझ में आते हैं और जिनका उपयोग होता है सबसे अधिक उन्हें क्या कहते हैं?

(ई) जापान के हिरोशिमा में कौन सा बम गिराया गया था?

(उ) 'अब चला जाए' किस प्रकार का वाक्य है?

6. छायावादी काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

अथवा

भाक्तिकालीन काव्य की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

7. उद्धव के व्यवहार की तुलना किन-किन से की गई है?

अथवा

लक्ष्मण द्वारा वीर योद्धा के संबंध में बताई गई दो विशेषताएँ लिखिए ।

8. तुलसीदास अथवा जयशंकर प्रसाद जी की काव्यगत विशेषताएँ निम्न बिन्दुओं पर लिखिए :

(i) दो रचनाएँ

(ii) काव्यगत विशेषता

9. महाकाव्य एवं खण्डकाव्य में कोई दो अन्तर लिखिए ।

अथवा

आचार्य विश्वनाथ के अनुसार काव्य की परिभाषा लिखिए।

10. अनुपास अलंकार की परिभाषा लिखिए ।

अथवा

हास्य रस का एक उदाहरण लिखिए ।

11. नाटक एवं एकांकी में कोई दो अन्तर लिखिए ।

अथवा

आत्मकथा एवं जीवनी में कोई दो अन्तर लिखिए।

12. नेताजी सुभाषचन्द्र बोस की मूर्ति को देखकर लेखक के मन में कौन सी कमी खटकी थी?

अथवा

भगत की पुत्रवधू उन्हें अकेले क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी?

13. 'रामवृक्ष बेनीपुरी' अथवा महावीर प्रसाद द्विवेदी जी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं पर लिखिए :

(i) दो रचनाएँ

(ii) भाषा-शैली

14. भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है?

अथवा

रानी एलिजाबेथ के दरजी की परेशानी का कारण क्या था?

15. निम्नलिखित मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए।

(i) नौ दो ग्यारह होना

(ii) आँखों का तारा

अथवा

निम्नलिखित शब्दों का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

(i) प्रतिदिन

(ii) राजपुत्र

16. अतिशयोक्ति अलंकार की परिभाषा एवं उदाहरण लिखिए।

अथवा

गीतिका छंद का लक्षण एवं उदाहरण लिखिए ।

**17.** **संधि एवं समास में कोई तीन अन्तर लिखिए ।**

**अथवा**

**वाच्य की परिभाषा एवं वाच्य के प्रकार लिखिए ।**

**18.** **निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

**(1)** **सामाजिक जीवन के अन्तर्विरोधों को समाप्त करने का लक्ष्य ही सामाजिक समरसता का आधार है। समाज एक सम्पूर्ण इकाई है। जिसमें मनुष्य की शक्तियों के विकास की सभी संभावनाएँ निहित हैं। व्यक्ति की शक्तियाँ जीवन की विभिन्न दिशाओं को उद्घाटित करने वाली भले हों किन्तु समष्टि के साथ वह अपनी संवेदना में एक हृदय बनकर स्पंदित हों पारस्परिक सहयोग और समन्वय के साथ सहानुभूति तो सामाजिक समरसता के लिए अनिवार्य शर्त है।**

(i) गद्यांश का शीर्षक लिखिए ।

(ii) सामाजिक समरसता का क्या आधार है?

(iii) सामाजिक समरसता के लिए अनिवार्य शर्त क्या है?

**अथवा**

**(2)** **निम्नांकित अपठित पद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए:**

**कल हमारी कुटिया में बिन पूछे**
**तूफान दाखिल हो जाते थे**
**आज हमारे घरों में बिन दरवाजा खटखटाए**
**जो चले आ रहे हैं**
**उनसे हमारी दीवारें और छते नहीं**
**हमारी बुनियाद चरमरा रही है।**

**प्रश्न–**

(i) कल हमारी कुटिया में बिन पूछे कौन दाखिल हो जाते थे?

(ii) हमारी बुनियाद क्यों चरमरा रही है?

(iii) बुनियाद चरमराने से कवि का क्या तात्पर्य है?

**19.** **निम्नांकित विषयों में से किसी एक विषय पर संवादलेखन कीजिए**

(i) कोविड - 19

(ii) पर्यावरण सुरक्षा

**20.** **निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए:**

**माँ ने कहा पानी में झाँककर**
**अपने चेहरे पर मत रीझना**
**आग रोटियाँ सेकने के लिए हैं**
**जलने के लिए नहीं**
**वस्त्र और आभूषण शाब्दिक भ्रमों की तरह**
**बंधन है स्त्री जीवन के**
**माँ ने कहा लड़की होना**
**पर लड़की जैसी दिखाई मत देना ।**

**अथवा**

**सूर समर करनी करहिं, कहि न जनावहिं आपु ।**
**विद्यमान रन पाइ रिपु कायर कथहि प्रतापु ॥**

**21.** **निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए।**

**नाटकों में स्त्रियों का प्राकृत बोलना उनके अपढ़ होने का प्रमाण नहीं। अधिक से अधिक इतना ही कहा जा सकता है कि ये संस्कृत न बोल सकती थी । संस्कृत न बोल सकना न अपढ़ होने का सबूत है और न गंवार होने का ॥**

**अथवा**

**संस्कृति के नाम से जिस कूड़े-करकट के ढेर का बोध होता है, वह न संस्कृति है न रक्षणीय वस्तु। क्षण-क्षण परिवर्तन होने वाले संसार में किसी भी चीज को पकड़कर बैठा नहीं जा सकता । मानव ने जब-जब प्रज्ञा और मैत्री से किसी नए तथ्य का दर्शन किया है तो उसने कोई वस्तु नहीं देखी है जिसकी रक्षा के लिए दलबंदियों की जरूरत है**

**22.** **लाउड स्पीकर बंद करने का निवेदन करते हुए जिले के जिलाधीश महोदय को आवेदन पत्र लिखिए।**

**अथवा**

**अपने बड़े भाई के विवाह में सम्मिलित होने हेतु अपने मित्र को पत्र लिखिए ।**

**23.** **निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए :**

(अ) आँखों देखा खेल का वर्णन

(ब) विज्ञान वरदान भी अभिशाप भी

(स) राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP)

# हाईस्कूल मुख्य परीक्षा वर्ष – 2021

## हिन्दी ( सामान्य )

**Set Code – M-202**

**(समय : 3 घंटे )** **(पूर्णांक : 75)**

**निर्देशः**

**(i)** प्रश्न क्रमांक **01** से **05** तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए **1×5=5** अंक निर्धारित हैं। कुल अंक **1×5=25** हैं।

**(ii)** प्रश्न क्रमांक **06** से **15** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **दो-दो अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **30** शब्दे)

**(iii)** प्रश्न क्रमांक **16** से **21** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **तीन-तीन अंक** निर्धारित हैं। शब्द सीमा लगभग **30** से **75** शब्द है।

**(iv)** प्रश्न क्रमांक **22** से **24** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **चार-चार अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **75** से **120** शब्द है)

**(v)** प्रश्न क्रमांक **25** से **27** तक प्रत्येक प्रश्न के लिए **पाँच-पाँच अंक** निर्धारित हैं। (शब्द सीमा लगभग **120** से **150** शब्द है।)

**(vi)** प्रश्न क्रमांक **28** के लिए शब्द सीमा लगभग **200** से **250** शब्द निर्धारित है। खण्ड-अ के लिए 7 अंक तथा खण्ड-ब के लिए **3** अंक। इस प्रकार **7+3=10** अंक निर्धारित हैं।

---

**1. सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिएः1×5=5**

**(i) कर्मवीर_____से डरते नहीं हैं। ( हवाओं/बाधाओं )**

**(ii) श्री राम की कृपा से संसार की_____ रूपी रात्रि समाप्त हो गयी है। ( माया-मोह/काया-कल्प )**

**(iii) शिक्षा मात्र_____तथा यश प्राप्ति का साधन नहीं है। ( सुख/धनोपार्जन )**

**(iv) निबंध मुख्य रूप से_____प्रकार के होते हैं। ( तीन/चार )**

**(v) भोजनालय का संधि विच्छेद होगा_____।**
**( भोजन + आलय/भोज + नालय )**

**2. सही विकल्प का चयन कर लिखिएः 1×5=5**

**(i) श्री राम के उपासक हैं-**

(अ) सूरदास (ब) तुलसीदास
(स) मीराबाई (द) कबीर

**(ii) पूर्व और नूतन का जहाँ मेल होता है वही उच्च संस्कृति की भूमि है।**

(अ) उपजाऊ (ब) अंकुरित
(स) व्यापक (द) महाफल देनेवाली

**(iii) माटी वोली पाठ किस विधा में लिखी गयी है?**

(अ) कहानी (ब) एकांकी
(स) निबन्ध (द) लेख

**(iv) स्वर संधि के कितने भेद हैं?**

(अ) दो (ब) तीन
(स) चार (द) पाँच

**(v) नवग्रह किस समास का उदाहरण है?**

(अ) द्वन्द्व समास (ब) द्विगु समास
(स) कर्मधारय समास (द) बहुब्रीहि समास

**3. सत्य/असत्य का चयन कर लिखिएः 1×5=5**

**(i) भारत देश सम्पूर्ण संसार को अपने आचरण से शिक्षा देने वाला विश्व गुरू रहा है।**

**(ii) शबरी राम-लक्ष्मण को बैठाने के लिए मृगछाल लाई थी।**

**(iii) हँसी मुनष्य के लिए वरदान है।**

**(iv) ओखली में सिर देना का अर्थ ओखली सिर पर रखना है।**

**(v) चेतन का विलोम जड़ है।**

4. सही जोड़ी बनाइयेः 1×5=5

(i) बरखा गीत — (1) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(ii) मेंरी जीवन रेखा — (2) नायब तहसीलदार

(iii) परेश — (3) रमानाथ अवस्थी

(iv) समय नहीं मिलता — (4) आग

(v) अग्नि — (5) श्रीमन्नारायण अग्रवाल

5. एक वाक्य में उत्तर लिखिएः 1×5=5

(i) कर्मवीर कविता किसके द्वारा लिखी गयी है?

(ii) शबरी का हृदय श्री राम के स्वागत हेतु कैसा होता है?

(iii) इंडियन प्रेस में काम करते हुए द्विवेदी जी ने कौन सी पुस्तक लिखी?

(iv) विशाल भारत के दो छोर कौन से हैं

(v) अंधेरा का पर्यायवाची शब्द लिखिए

6. हमें दुराग्रह क्यों छोड़ देना चाहिए? 2

अथवा

संयुक्त परिवार का प्रतीक प्रस्तुत एकांकी में किसे बताया गया है?

7. समय न मिलने का बहाना कैसे लोग करते हैं? 2

अथवा

माटी वाली के भरण-पोषण का आधार क्या था?

8. कहानी के छः तत्व लिखिए। 2

अथवा

निबन्ध के प्रमुख प्रकार लिखिए।

9. एकांकी और नाटक के कोई दो अन्तर लिखिए। 2

अथवा

उपन्यास की कोई दो विशेषताएँ लिखिए।

10. संधि की परिभाषा लिखते हुए संधि के प्रकार लिखिए। 2

अथवा

स्वर संधि के भेदों के नाम लिखिए।

11. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिएः 2

उत्तीर्ण, प्रेम

अथवा

निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिएः

अहंकार, आकाश

12. समास कितने प्रकार के होते हैं? नाम लिखिए। 2

अथवा

वाक्य के भेद लिखिए।

13. वाक्यांशों के लिए एक-एक शब्द लिखिए-

(1) सबसे आगे रहने वाला -

(2) जिसका पता न हो -

अथवा

अशुद्ध वाक्यों को शुद्ध कीजिए -

(1) नौकाएँ नदी में तैर रहीं हैं।

(2) महात्मा गांधी का देश सदा आभारी रहेगा

14. मुहावरों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

(1) फूला न समाना

(2) अन्धे की लाठी

अथवा

निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए -

(1) आप मेरे साथ आओगे। - ( प्रश्नवाचक वाक्य )

(2) शिव कल भोपाल जाएगा। - ( निषेधवाचक वाक्य )

15. निम्नलिखित शब्द में योजक चिह्न का प्रयोग कीजिएः

लड़ाई झगड़ा, माता पिता

अथवा

मुहावरे और लोकोक्ति में कोई दो अन्तर लिखिए।

16. तुलसीदास जी ने परमहित किसे माना है?

अथवा

किसी भी कार्य को बीच में न छोड़ने से क्या लाभ होता है?

17. कर्मवीर मनुष्य की विशेषताएँ बताइए।

अथवा

प्रकृति ने हमें क्या-क्या प्रदान किया है? बताइए।

18. वर्षा की प्रतीक्षा सभी प्राणियों को क्यों रहती है?

अथवा

शबरी ने राम-लक्ष्मण का सत्कार कैसे किया?

19. उन्नत देश कौन से दो कार्य एक साथ सँभालते हैं?

अथवा

सरस्वती पत्रिका का संपादन कार्य द्विवेदी जी को किस प्रकार प्राप्त हुआ?